एस.एस. जैन सुबोध शिक्षा समिति के सजग प्रहरी



नवरत्न कोठारी
अध्यक्ष

रमेश चन्द्र जैन
उपाध्यक्ष

सुमेर सिंह बोथरा
मानद् मंत्री

विनोद लोढ़ा
सह मंत्री

श्री एस.एस. जैन सुबोध शिक्षा समिति के अन्तर्गत संचालित संस्थाऐं

एस.एस. जैन सुबोध कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेन्स, सीतापुरा	2015
एस.एस. जैन सुबोध बॉयज हॉस्टल, मानसरोवर	2014
एस.एस. जैन सुबोध मैनेजमेन्ट इन्स्टीट्यूट, मानसरोवर	2012
एस.एस. जैन सुबोध लॉ कॉलेज, मानसरोवर	2011
एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. कॉलेज वीमेन्स हॉस्टल, सांगानेर	2008
एस.एस. जैन सुबोध महिला छात्रावास, सांगानेर	2005
एस.एस. जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सांगानेर	2005
एस.एस. जैन सुबोध गर्ल्स कॉलेज, सांगानेर	2004
सुबोध पब्लिक स्कूल, सांगानेर	2004
एस.एस. जैन सुबोध एम.सी.ए. इन्स्टीट्यूट, रामबाग सर्किल	2003
एस.आई.आई.टी., रामबाग सर्किल	2000
एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. महिला महाविद्यालय, रामबाग सर्किल	1999
सुबोध इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड कॅरियर स्टडीज, रामबाग सर्किल	1999
सुबोध पब्लिक स्कूल, रामबाग सर्किल	1985
एस.एस. जैन सुबोध कॉमर्स एण्ड आर्ट्स कॉलेज, रामबाग सर्किल	1976
स्व. श्री सिरहमल बम्ब समृति उद्योगशाला, रामबाग सर्किल	1975
एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. कॉलेज, रामबाग सर्किल	1954
एस.एस. जैन सुबोध उच्च मा. विद्यालय, बापू बाजार	1925
एस.एस. जैन सुबोध बालिका सीनियर सैकण्डरी स्कूल, सांगानेरी गेट	1918

एस.एस.जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

Minority Institution Approved by NCTE and Govt. of Rajasthan,
Affiliated to University of Rajasthan Accredited by NAAC - UGC-2f
PNOC by State Govt. and University of Rajasthan

"दिग्दर्शिका" – 2021–23

फोन : 0141–2794216, 2791864, फैक्स नं. : 0141–2794217
subodhttcollegejaipur@yahoo.com www.subodhttcollege.com

णमोकार महामंत्र

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं
णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं
एसो पंच णमोक्कारो, सव्व-पावप्पणासणों।
मंगलाणं च सव्वेसिं पढ़मं हवइ मंगलम् ॥

सरस्वती वन्दना

वर दे, वीणा वादिनी वर दे।
प्रिय स्वतंत्र-रव अमृत-मंत्र नव
भारत में भर दे ... ...
काठ अन्ध-उर के बन्धन-स्तर
बहा जननि ज्योर्तिमय निर्झर
कलुष-भेद तम-हर प्रकाश कर,
जगमग जग कर दे।
वीणा वादिनी ... ...
नवगति, नवलय, ताल-छन्द नव,
नवल कंठ, नव जलद-मंत्रनव,
नव नभ के नव विहग-वृन्द को,
नव पर नव स्वर दे।
वीणावदिनी ... ...

राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम्, वन्दे मातरम्
सुजलां, सुफलाम्, मलयज-शीतलाम्,
शस्य-श्यामलाम् मातरम् वन्दे मातरम्
शुभ्रज्योत्सना पुलकित यामिनीम्।
फुल्ल कुसुमित, द्रुमदल शोभिनीम्
सुहासिनीं, सुमधुर भाषिणीम,
सुखदां, वरदां मातरम् वन्दे मातरम्

सप्त कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
द्विसप्त, कोटि भुजै, धृत-खर करवाले,
अबला केन मा बले, बहुबल धारिणीं
नमामि तारिणीं रिपुदल वारिणीं
मातरम् वन्दे मातरम्

राष्ट्रगान

जनगण मन अधिनायक जय हे,
भारत भाग्य विधाता
पंजाब सिन्ध गुजरात मराठा
द्राविड, उत्कल, बंग
विंध्य हिमाचल, यमुना, गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तब शुभनाम जागे,
तव शुभआशिष मांगे,
गाये तब जय गाथा,
जन गण मंगलदायक जय हे
भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय हे।

शपथ

1. शिक्षण मेरा प्यार मेरी आत्मा है।
2. विद्यार्थियों का विकास ही मेरा ध्येय है।
3. औसत विद्यार्थियों को भी महानता की ओर अग्रसर कर सकूँ।
4. मेरा विद्यार्थियों के प्रति व्यवहार हमेशा सहृदयतापूर्ण रहेगा।
5. मेरा जीवन व आचरण विद्यार्थियों के लिए संदेश बनेगा।
6. मैं विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करुँगी और उन्हें प्रबुद्ध नागरिक बनाऊँगी।
7. मैं विद्यार्थियों के साथ धर्म, समुदाय व भाषा के नाम पर कोई भेदभाव नहीं करुँगी।
8. मैं निरन्तर स्वयं का विकास भी करुँगी।
9. अपने विद्यार्थियों की सफलता पर जश्न मनाऊँगी।
10. देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दूँगी।
11. मैं अपने दिमाग में महान विचार भरुँगी और अपने विचारों व कार्यों में पवित्रता रखूँगी।

हमारा लक्ष्य

महाविद्यालय का उद्देश्य
शिक्षिकाओं के मानस में भारतीय
जीवन शैली एवं भारतीय संस्कृति के आधारभूत
मूल्यों एवं आदर्शों को स्थापित करना है तथा
उनके भावी जीवन की आधारशिला को परिष्कृत कर
सुदृढ़ व्यक्तित्व का निर्माण करना है।

प्रशिक्षण काल के दौरान
शिक्षिकाओं में मानवीय व्यवहार, सदाचार,
अनुशासन एवं आत्म विश्वास का सुन्दर समन्वय
कर उनके प्रभावी व्यक्तित्व का निर्माण कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाना।

हम अपेक्षा करते है कि हमारे महाविद्यालय की
दहलीज से ऐसी प्रशिक्षित सुबोधिका शिक्षिका प्रतिक्षण
सेवार्थ प्रस्थान करे, जो अपने सद्कार्यों के प्रकाश से
ज्ञानालोक को आलोकित एवं सुरभित करे।

आपकी सफलता ही महाविद्यालय व
सुबोध शिक्षा समिति परिवार की
सफलता होगी।

एस.एस.जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय
सांगानेर, जयपुर

हार्दिक शुभकामना

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 2005 में सुबोध शिक्षा समिति ने एक कोमल पौधे के रुप में एस.एस. जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का शुभारम्भ किया था। वह आज शिक्षक प्रशिक्षण जगत् में एक वृहद् वृक्ष के रुप में पुष्पित एवं पल्लवित होकर स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय के रुप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

वर्तमान में महाविद्यालय में समस्त पाठ्यक्रम Ph.D/M.Ed/बी.एड./डी.एल.एड., बी.ए. बीएड, बी.एस.सी बीएड, रिसर्च सेन्टर संचालित किये जा रहे है इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीविकोपार्जन के साथ-साथ श्रेष्ठ एवं कुशल शिक्षक बनाना भी हैं महाविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति का ही परिणाम है कि आज सुबोध की सुरभि सम्पूर्ण समाज को सुवासित कर रही है।

महाविद्यालय का उद्देश्य शैक्षिक क्रियाओं के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं का आयोजन कर छात्राओं में अन्तर्निहित शक्तियों एवं क्षमताओं को प्रस्फुटित कर पल्लवित एवं विकसित करता है।

मेरा विश्वास है कि महाविद्यालय में सर्व सुविधाओं से युक्त प्राकृतिक, नैसर्गिक वातावरण में प्रशिक्षणार्थी अपने श्रेष्ठ कॅरियर का निर्माण कर श्रेष्ठ समाज एवं आदर्श राष्ट्र की निर्मात्री सिद्ध होगी।

मैं आपके समुज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता हूं।

नवरत्न कोठारी
अध्यक्ष
एस.एस.जैन सुबोध शिक्षा समिति

हार्दिक शुभकामना

एस.एस.जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2005 में होने के साथ ही सुबोध शिक्षा समिति का चिर स्वप्न साकार हुआ है। राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण के क्षेत्र में यह संस्था शैक्षिक मापदण्डों के अनुरुप आधुनिक सर्वसुविधा युक्त नैसर्गिक वातावरण में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है।

सुबोध शिक्षा समिति का ध्येय विद्यार्थियों को न केवल शिक्षित करना वरन् उनके व्यक्तित्व का सर्वांगींण विकास कर उन्हें एक समाजोपयोगी इकाई के रुप में प्रस्तुत करना है।

महाविद्यालय में सभी विषयों एवं संकाय अनुसार प्रयोगशालायें पूर्णत: सुसज्जित है, जिनका प्रजातांत्रिक वातावरण छात्राओं को नवाचारात्मक , सृजनात्मक, रचनात्मक, अनुसंधानात्मक व वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक है।

महाविद्यालय ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्राथमिक / माध्यमिक व उच्च सोपानों पर सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर शिक्षा के विकास और विस्तार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महाविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि यहां से प्रशिक्षित छात्रायें आज गुलाबी नगरी ही नहीं अपितु विभिन्न जिलों / राज्यों के विभिन्न राजकीय व प्रतिष्ठित निजी संस्थानों में ना केवल शिक्षिका के रूप में बल्कि प्राचार्य व सह प्राचार्य के पदों पर भी कार्यरत है। यह प्रशिक्षणालय शिक्षिकाओं की समुन्नति का मार्ग प्रशस्त करें, ऐसी मेरी मंगल कामना है...

सुमेर सिंह बोथरा
मानद् मंत्री
एस.एस.जैन सुबोध शिक्षा समिति

आशीर्वचन

सुबोध शिक्षा समिति व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित कर समाज को एक उत्पादक इकाई के रुप में आदर्श नागरिक देने के लिए कृत संकल्प है। इसी शृंखला में एस.एस.जैन सुबोध बी.एड. महाविद्यालय की स्थापना 2005 में की गई थी। हमारे लिए गौरव का विषय है कि यह संस्था वर्तमान समय में प्रशिक्षण जगत के सभी पाठ्यक्रमों यथा बी.ए.-बी.एड. / बी.एस.सी.-बी. एड. / पी.एच.डी. / एम.एड. / बी.एड. / डी.एल.एड. के नियमित शिक्षण के साथ-साथ सफलता के सोपानों की ओर अग्रसर हो रही है। जो देश के भावी कर्णधारों की भविष्य निर्मात्री है।

प्रतिस्पर्धा के इस युग में महाविद्यालय का उद्देश्य शिक्षण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं पर आधारित विषय वस्तु को विद्यार्थियों तक सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत करना भी है। उसी का परिणाम है कि महाविद्यालय की छात्रायें अपने शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने हेतु आवश्यक योग्यताऐं जैसे- एम.एड., बी.एड. बी.एस. टी.सी. के साथ-साथ रीट, नेट, प्रथम-द्वितीय व तृतीय श्रेणी व्याख्याता पदों हेतु तैयारी कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान कर रही हैं।

हमारा संकल्प है कि गुणवत्ता आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम का संचालन कर समाज के लिए जागरुक, सशक्त एवं आत्मनिर्भर युवा पीढ़ी का निर्माण कर वैश्वीकरण के इस युग में सुन्दर सभ्य एवं सशक्त समाज का निर्माण कर सके।

विनोद लोढ़ा
सहमंत्री
एस.एस.जैन सुबोध शिक्षा समिति

हार्दिक शुभकामना

मेरी बात...

यह मेरे लिए अपार हर्ष की बात है कि आपने अध्ययन हेतु अनेक शिक्षण संस्थाओं के कुशल संचालन करने वाली एस. एस. जैन सुबोध शिक्षा समिति द्वारा संचालित इस महाविद्यालय का चयन किया है। मै सुबोध परिवार में आपका स्वागत करती हूँ। हमारा सदैव यह प्रयास रहा है कि हमारे महाविद्यालय में श्रेष्ठ व नवाचार प्रणाली द्वारा उच्च स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराई जाये।

हमारी इसी सजगता से शिक्षा जगत में हमारी संस्था ने एक अलग पहचान बनाई है। वर्तमान में राजस्थान सरकार व राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा स्थाई मान्यता प्राप्त बी. एड़ व एम.एड़ पाठ्यक्रम का संचालन कर रही है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि शिक्षक प्रशिक्षण से सम्बन्धित पाठ्यक्रम यथा पी.एच.डी., एम.एड़, बी.एड़, साथ-साथ ही डी.एल.एड़ 4 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम बी.ए.-बी.एड़, बी.ए.सी.-बी.एड व रिसर्च सेन्टर में अनुसंधान सम्बन्धी कार्यों का संचालन भी करवाया जा रहा है।

हमारे महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है जो हमारी जागरुकता व अध्ययन प्रणाली की श्रेष्ठता को दर्शाता है। शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट सेवा प्रदान करते हुए हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

प्रशिक्षणावधि के दौरान हमारे अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा आपके व्यक्तित्व निखार व शिक्षा के उद्देश्य को पूरा करने हेतु पूर्णत: निष्ठा व प्रतिबद्धता रखते हैं।

हम आपको विश्वास दिलाते है, कि आपका भविष्य सुरक्षित हाथों में हैं और हम उच्च शिक्षा व संस्कारों के माध्यम से आपके भविष्य निर्माण की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। हम आपके और आपके अभिभावकों के आभारी होगें, यदि आप हमें बहुमूल्य समय में से कुछ समय निकाल कर हमारी अध्ययन प्रणाली की समीक्षा करते हुये, हमें वास्तविकता से अवगत कराते रहेंगे।

आपकी यह प्रतिपुष्टि ही हमें बेहतर शिक्षा की ओर सतत् अग्रसर रखेगी और हम अधिक सुविधायें व सुखद परिणाम देने में समर्थ होंगे।

आपके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना के साथ...

श्रीमती मधु मोदी
संयोजिका

प्राचार्य की कलम से...

महिला शिक्षा के उन्नयन एवं विकास के लिये समर्पित एस. एस. जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का सदस्य बनने का गौरव जो आपने श्रेष्ठता के आधार पर हासिल किया है उसके लिये मैं सुबोध परिवार की ओर से आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती हूँ।

एस.एस. जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना सुबोध शिक्षा समिति द्वारा 2005 में सांगानेर परिसर में (50832 वर्ग मी. के क्षेत्र में) प्राकृतिक नैसर्गिक वातावरण में बी.एड. पाठ्यक्रम (100 सीट) के रूप में की गई।

वर्तमान में महाविद्यालय में पी.एचडी. पाठ्यक्रम (50 विद्यार्थी), एम.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम (50 विद्यार्थी), बी.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम (200 विद्यार्थी), डी.एल.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम (50 विद्यार्थी), बी.एससी. बी.एड. (50 विद्यार्थी),बी.ए. बी.एड. (50विद्यार्थी) पाठ्यकम संचालित है।

एन.सी.टी.ई. व राजस्थान विश्वविद्यालय के नियमानुसार एम.एड., बी.एड., बी.एस.सी.-बी.एड़, बी.ए.-बी.एड., पाठ्यक्रम हेतु कुल स्टाफ सदस्यों (41) सदस्यों में से 35 अनुमोदित है जिनमें में से 27 पी.एच.डी. व 18 नेट योग्यताधारी के अतिरिक्त 6 व्याख्यातागण पी.एचडी. शोधकार्य हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों में पंजीकृत हो चुके है।

महाविद्यालय में सभी विषयों एवं संकाय अनुसार प्रयोगशालायें पूर्णत: सुसज्जित है

यह महाविद्यालय गुलाबी नगरी की उन कतिपय संस्थाओं में से एक है जो निष्ठापूर्वक छात्राध्यापिकाओं में ज्ञान ज्योति प्रज्ज्वलित कर, उनमें सेवा भावना, प्रेम, करुणा, त्याग कर्तव्यपरायणता, निष्ठा जैसे गुरुत्तर गुणों को विकसित करने के लिये प्रतिबद्ध है। यह अपार हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय शिक्षक प्रशिक्षण जगत् में अपनी विशिष्ट पहचान कायम करते हुये आधुनिक समाज की मांग एवं आवश्यकतानुसार अध्यापकोचित गुणों से परिपूर्ण शिक्षिकायें समाज को प्रदान कर विकास एवं सफलता के सोपानों की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा हैं।

सफलता का शिखर छूने वाले सभी व्यक्ति दृढ़ इच्छा शक्ति एवं लक्ष्योन्मुख व्यक्तित्व के धनी होते हैं। हम महाविद्यालय में ऐसा शैक्षिक एवं सामाजिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिये कृतसंकल्प है जो आपको अपने लक्ष्य की दिशा में अग्रणी बनाता है। महाविद्यालय के प्राकृतिक तथा नैसर्गिक वातावरण में शिक्षा के मूल लक्ष्य सर्वांगीण विकास को प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है।

मैं आपसे इस संकल्प एवं विश्वास पर खरा उतरने के लिये यह अपेक्षा करती हूँ कि आप इस संस्था के स्वच्छ नैसर्गिक, शैक्षिक वातावरण में रहते हुये अनुशासित, सुसंस्कृत, मृदुभाषी, आदर-सत्कार की भावना से ओतप्रोत गुणों को आत्मसात् कर एवं अनुकरणीय परम्पराओं एवं उच्च आदर्शों द्वारा भावी पीढ़ी का उज्ज्वल मार्गदर्शन करेगी। आपके प्रयास एवं संकल्प सफलता के शिखर की ओर अनवरत अग्रसर हो, इस शुभकामना के साथ।

प्राचार्य
डॉ. (श्रीमती) यदु शर्मा

महाविद्यालय विकास यात्रा

एस.एस. जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना सुबोध शिक्षा समिति द्वारा 2005 में सांगानेर परिसर में (50832 वर्ग मी. के क्षेत्र में) प्राकृतिक नैसर्गिक वातावरण में बी.एड. पाठ्यक्रम (100 सीट) के रूप में की गई। सुबोध शिक्षा समिति के लक्ष्यों के अनुरूप शैक्षिक व व्यावसायिक उत्कृष्टता व गुणवत्ता के आधार पर महाविद्यालय शिक्षा के उन्नयन एवं विकास हेतु दृढ संकल्पित संस्था वर्तमान में गुलाबी नगरी की सर्वश्रेष्ठ संस्था के रूप में अपनी सेवाऐं प्रदान कर रही है। हमारे लिए यह गौरव व हर्ष का विषय है कि वर्तमान में राजस्थान सरकार व राजस्थान विश्वविद्यालयों द्वारा महाविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की श्रृंखला में एम.एड. व बी.एड. पाठ्यक्रमों को स्थाई मान्यता, 2-F, NAAC, अल्पसंख्यक संस्था का दर्जा एवं रिसर्च सेन्टर के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान कायम किये हुऐ है।

वर्तमान में महाविद्यालय में पी.एचडी. पाठ्यक्रम (50 विद्यार्थी), एम.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम (50 विद्यार्थी), बी.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम (200 विद्यार्थी), डी.एल.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम (50 विद्यार्थी), बी.एससी. बी.एड. (50 विद्यार्थी),बी.ए. बी.एड. (50विद्यार्थी) पाठ्यक्रम संचालित है। जिसके आधार पर महाविद्यालय परिसर में 800 शिक्षक–प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही महाविद्यालय में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा द्वारा सेवारत शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु स्थाई अध्ययन केन्द्र संचालित किया जा रहा है जिसमें प्राचार्या मुख्य समन्वयक के रूप में कार्य कर रही है। संस्था के द्वारा शैक्षिक मानदण्डों के अनुरूप गुणवत्ता आधारित कार्य किए जाने का परिणाम है कि राज्य सरकार द्वारा एन.आई.ओ.एस., डी.एल.एड. कोर्स हेतु महाविद्यालय का चयन किया गया है जिसमें 200 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

महाविद्यालय में वर्तमान में NCTE राजस्थान विश्वविद्यालय के नियमानुसार एम.एड. एवं बी.एड., बी.एससी.बी.एड़, बी.ए. बी.एड., पाठ्यक्रम हेतु कुल स्टाफ सदस्यों (41) सदस्यों में से 35 अनुमोदित है जिनमें में से 27 पी.एच.डी. व 18 नेट योग्यताधारी के अतिरिक्त 6 व्याख्यातागण पी.एचडी. शोधकार्य हेतु विभिन्न विश्वविद्यालयों में पंजीकृत हो चुके है। संस्था के लिए यह गौरव का विषय है कि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) यदु शर्मा पूर्व डीन (शिक्षा संकाय) राजस्थान विश्वविद्यालय के रूप में 24 जनवरी 2017 से 2020 तक रही है। इसके अतिरिक्त 2015–2018 तक बी.ओ.एस. संयोजिका (शिक्षा संकाय) के रूप में बी.ए. बी.एड., बी.एससी.बी.एड., बी.एड., एम.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम निर्माण व सम्पूर्ण परीक्षा का कार्य कुशलता पूर्वक सम्पादित कर चुकी है व राजस्थान विश्वविद्यालय में रिसर्च गाइड भी है तथा इनके सानिध्य में सात शोधार्थियों को पी.एच.डी. अवार्ड हो चुकी है। गत 27 वर्षों से स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षण व अनुसंधान का कार्य कर रही है।

महाविद्यालय में पूर्णतः कम्प्यूटराईज्ड डेलनेट सुविधायुक्त पुस्तकालय की व्यवस्था है, महाविद्यालय में कला, विज्ञान, गणित, वाणिज्य के विद्यार्थियों हेतु विषय आधारित प्रयोगशालाएं जैसे सामाजिक अध्ययन प्रयोगशाला, भाषा प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, गणित एवं भौतिक प्रयोगशाला, गृह–विज्ञान प्रयोगशाला के साथ–साथ मनोविज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब वाई–फाई कनेक्शन युक्त, शैक्षिक तकनीकी प्रयोगशाला एवं स्मार्ट क्लास रूम एवं सेमिनार हॉल की व्यवस्था है।

प्रतिस्पर्धा के इस युग में छात्राओं को शिक्षण अधिगम प्रकिया के तहत सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रमानुसार ही वस्तुनिष्ठ आधार पर भी तैयार करवायें जाने का प्रयास निरन्तर किया जा रहा है, उसका परिणाम है कि महाविद्यालय से प्रशिक्षित छात्राऐं रीट, नेट, प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी शिक्षक आदि प्रतियोगी परिक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है। इसके अतिरिक्त बी.एड. इन्टर्नशिप (शिक्षण अभ्यास) करने वाली छात्राध्यापिकाओं को सरकारी विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण करने एवं नवीन विधियाँ प्रयुक्त करते हुए प्रभावी अध्यापन कार्य करवाने हेतु 26 जनवरी, 15 अगस्त को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है जिससे सुबोध की सुरभि सम्पूर्ण समाज में प्रवाहित हो रही है।

प्रवेश पात्रता

परीक्षा आयोजन

प्रतिवर्ष महाविद्यालय में एम.एड. में प्रवेश राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा पी.एम.ई.टी., बी.एड. द्विवर्षीय एवं चार वर्षीय बी.एस.सी.-बी.एड. व बी.ए.-बी.एड. एकीकृत पाठ्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा पी.टी.ई.टी. एवं बी.एस.टी.सी. में राज्य सरकार द्वारा प्रवेश पूर्व परीक्षा के आयोजन द्वारा किया जाता है।

आवंटित सीटे

वर्तमान समय में महाविद्यालय में एन.सी.टी.ई, राजस्थान सरकार व राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु सीट आवंटन निम्न प्रकार से है

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	अवधि	यूनिट	सीट	कुल
1.	डी.एल.एड	2 वर्ष	1	50	100
2.	बी.एड.	2 वर्ष	4	200	400
3.	एम.एड.	2 वर्ष	1	50	100
4.	बी.ए.-बी.एड.	4 वर्ष	1	50	50
5.	बी.एस.सी.-बी.एड.	4 वर्ष	1	50	50
6	रिसर्च सेन्टर (Ph.D)	3 वर्ष	1	50	50

शिक्षण शुल्क

डी.एल.एड./बी.एड./ एम.एड./ बी.एस.सी.-बी.एड. / बी.ए.-बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु शिक्षण शुल्क राज्य सरकार के नियमानुसार लिया जाता है, छात्रावास शुल्क सुबोध शिक्षा समिति के नियमानुसार लिया जाता है।

कार्य दिवस

राज्य सरकार/राजस्थान विश्वविद्यालय / एन.सी.टी.ई. के नियमानुसार महाविद्यालय में डी.एल.एड/ बी.एड. / एम.एड./ बी.एस.सी.-बी.एड. / बी.ए.-बी.एड. पाठ्यक्रम की सीटों के सभी प्रवेश होने के पश्चात् 200 कार्य दिवस अनिवार्य है।

महाविद्यालय की आचार संहिता

1. प्रत्येक छात्रा को प्रार्थना-सभा से 5 मिनट पूर्व महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा। छात्राओं को समाचार व सुविचार रजिस्टर नं. के अनुसार बोलना होता है। जो छात्रा समय पर प्रार्थना सभा में उपस्थित नहीं होगी तथा समाचार व सुविचार नहीं बोलेगी उसे लगातार तीन दिन समाचार व सुविचार बोलना होगा।
2. महाविद्यालय में छात्राओं को किसी प्रकार का अर्द्ध अवकाश व दीर्घकालिक अवकाश देय नहीं होगा। तीन दिन पश्चात् स्वत : नाम काट दिया जायेगा।
3. प्रायोगिक अभ्यास पाठ के समय छात्रा को किसी परिस्थिति में अवकाश देय नहीं होगा।
4. प्रत्येक छात्रा को अनुशासन में रहना होगा। यदि कोई छात्रा अनुशासनहीनता करती है तो उसको अनुशासन समिति का निर्णय मानना होगा। अध्यापक प्रशिक्षण के इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों के पारस्परिक व्यवहार में स्नेह, आत्मीयता तथा सम्मान का भाव रहना चाहिये।
5. यदि किसी छात्रा का व्यवहार महाविद्यालय प्रांगण में या बाहर कही भी ऐसा हो जिससे महाविद्यालय की गरिमा व उसकी साख को क्षति पहुँचे तो प्राचार्य व अनुशासन समिति को इसका पूर्ण अधिकार होगा कि वह उस छात्रा को महाविद्यालय से निष्कासित कर दे।
6. छात्रा को प्रतिदिन महाविद्यालय के सूचना पट्ट को अवश्य देखते रहना चाहिये क्योंकि कार्यालय किसी भी अनभिज्ञता को मान्यता नहीं देगा।
7. छात्रा को प्राध्यापक वर्ग के प्रति उचित सम्मान तथा महाविद्यालय के कर्मचारियो व पुस्तकालयाध्यक्ष के समक्ष सद्व्यवहार से रहना होगा।
8. महाविद्यालय में प्रवेश के समय अथवा बाद में जमा कराये शुल्क की राशि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नोडल एजेन्सियों के नियमों अनुसार किसी भी परिस्थिति में वापस लौटायी नहीं जायेगी।
9. महाविद्यालय में 19 सदन होगें प्रत्येक विद्यार्थी किसी सदन का सदस्य होगा व उसको सदन के प्रभारी के निर्देशन के अन्तर्गत नियमों का पालन करना आवश्यक होगा।
10. बी.एड. पाठ्यक्रम एक पूर्णकालिक पाठ्यचर्या है। इसके दौरान किसी भी विद्यार्थी को कहीं अन्यत्र पूर्णकालिक या अंशकालिक सेवारत रहने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
11. जो छात्रायें सेवारत है, उन्हें प्रवेश होने के तुरन्त बाद रिलीव होकर आना होगा।
12. शिक्षण विषय महाविद्यालय की सुविधा के अनुसार विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के नियमानुसार देय होंगे।
13. प्रशिक्षणार्थियों को अपना परिचय-पत्र सदा ही अपने पास रखना चाहिये।
14. महाविद्यालय की कोई भी छात्रा महाविद्यालय में आयोजित होने वाले साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य उत्सवों पर अपने मित्र को प्राचार्य की अनुमति के बिना आमंत्रित नहीं कर सकती और न ही छात्राओं को सामूहिक व वनविहार के कार्यक्रम में अपने साथ ले जा सकती है।
15. राजस्थान विश्वविद्यालय के अतिरिक्त किसी अन्य विश्वविद्यालय से आये अन्तिम उपाधिधारियों को सम्बन्धित विश्वविद्यालय का प्रोविजन (माइग्रेशन) प्रमाण-पत्र प्राप्त कर नियमानुसार महाविद्यालय में जमा कराने का दायित्व प्रशिक्षणार्थियों का होगा।



उपस्थिति नियम

1. महाविद्यालय में प्रत्येक छात्रा को अवकाश हेतु पूर्व सूचना सम्बन्धित प्रभारी को देना आवश्यक है। इसके विपरीत आचरण होने पर अनुशासनहीनता मानी जायेगी तथा महाविद्यालय किसी प्रकार का आधे दिन का अवकाश देय नहीं होगा।
2. किसी भी प्रशिक्षणार्थी के बिना पूर्व अवकाश स्वीकृत कराये/बिना सूचना दिये लगातार अनुपस्थित रहने पर महाविद्यालय से उनका नाम निरस्त कर दिया जायेगा। प्राचार्य तथा अनुशासन समिति द्वारा अनुपस्थिति के कारण के बारे में संतुष्ट होने के बाद ही पुन: प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। ऐसी अनुमति एक बार से अधिक नहीं दी जायेगी। पुन: प्रवेश महाविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराने पर ही मिलेगा।
3. महाविद्यालय का समय प्रात: 9:00 से अपराह्न 3:30 निर्धारित है निर्धारित समय से निरन्तर तीन दिन तक विलम्ब होने पर छात्राध्यापिका के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। महाविद्यालय की सुविधानुसार समय में परिवर्तन संभव है।
4. सभी प्रशिक्षणार्थियों को महाविद्यालय की दैनिक प्रार्थना से लेकर अपने समस्त शिक्षण कालांशो में उपस्थित रहना अनिवार्य है, विपरीत आचरण होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
5. विद्यार्थी अपनी उपस्थिति को जानने के लिये स्वयं उत्तरदायी होगा उसे प्रतिमाह संबधित प्राध्यापक से अपनी उपस्थिति की जानकारी ले लेनी चाहिये।
6. छात्राध्यापिका को व्यक्तिगत रुप से प्राचार्य से मिलने के लिए समय सीमा की आवश्कयता नहीं है आप अपनी किसी की शंका का समाधान तुरन्त प्राप्त कर सकते है।
7. महाविद्यालय द्वारा आयोजित सभी पाठ्यसहगामी क्रियाये यथा श्रमदान, शैक्षिक भ्रमण, प्रतिभा खोज, अन्तर्सदनीय प्रतियोगिता एस.यू.पी. डब्ल्यू शिविर आदि में उपस्थिति न होने पर अंको के लाभ से आप स्वत: ही वंचित हो जायेगें।
8. महाविद्यालय में प्रति माह सदन की मीटिंग में छात्राध्यापिकाओं की उपस्थिति अनिवार्य है।
9. छात्राओं में नियमित उपस्थिति एवं स्वअनुशासन की प्रेरणा विकसित करने हेतु महाविद्यालय में किसी भी प्रकार के दण्ड का कोई प्रावधान नही है
10. इन्टरर्नशिप सम्बन्धी उपस्थिति राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार लागू होगी।

पुस्तकालय व वाचनालय नियम

(छात्राध्यापिकाओं के लिए)

1. महाविद्यालय से प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को सभी विषयों की पुस्तकें उपलब्ध कराई जायेगी।
2. पुस्तकालय से प्राप्त पुस्तकों को सुरक्षित रखना एवं समय पर लौटाने का दायित्व प्रशिक्षणार्थी का हैं।
3. पुस्तकालय से पुस्तक प्राप्त करते समय ही प्रशिक्षणार्थियों को पुस्तक की देखभाल कर लेनी चाहिये। लौटाते समय यदि पुस्तक का कोई अंश खराब स्थिति में अथवा फटा हुआ पाया गया तो पुस्तक का मूल्य जमा करना होगा।
4. महाविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध सन्दर्भ पुस्तकें, ग्रन्थ एवं पत्र-पत्रिकाऐं वहीं बैठकर पढ़ने के लिये उपलब्ध होगी। ऐसी सामग्री को प्रशिक्षणार्थी को घर ले जाकर उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।
5. वाचनालय में स्वाध्याय का वातावरण बनाये रखना चाहिये। स्वाध्याय में बाधा उपस्थित करने वाली छात्राओं को पुस्तकालय से बाहर जाने हेतु आदेश दिया जा सकता है जिसका पालन न करना अनुशासनहीनता समझा जायेगा।
6. जिन प्रशिक्षणार्थियों ने परीक्षा के समय 500 रु. जमा कर पुस्तकें रखी है। वे परीक्षायें समाप्त होने के 15 दिन के अन्दर पुस्तकें जमाकर राशि प्राप्त कर लें। 15 दिन बाद राशि नहीं लौटायी जाएगी।
7. जो विद्यार्थी केवल एक या दो पुस्तकें परीक्षा के समय लेगें उन्हें 100 रु. प्रति पुस्तक के हिसाब से जमा कराने पर पुस्तक उपलब्ध हो सकेगी।
8. महाविद्यालय के प्रवक्ता तथा अन्य कर्मचारी के नाम से पुस्तकें उपलब्ध नहीं होगी। अत: इसके लिए आग्रह करना भी उचित नहीं है।
9. पुस्तकालय में सभी प्रशिक्षणार्थियों हेतु सशुल्क विषय वस्तु की प्रतिलिपि सुविधा उपलब्ध है।
10. पुस्तकालय में प्रवेश हेतु संबधित रजिस्टर में उल्लेख/उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है।

महाविद्यालय गणवेश

महाविद्यालय में सभी छात्राध्यापिकाओं को निर्धारित गणवेश में आना अनिवार्य है, अध्यापन अभ्यास के दौरान सभी छात्राध्यापिकाओं को साड़ी में आना अनिवार्य है।

इन्टर्नशिप

राजस्थान सरकार के आदेश पर माध्यमिक शिक्षा द्वारा संचालित बी.एड. व डी.एल.एड. की प्रथम वर्ष तथा बी.ए.-बी.बीएड, बी.एस.सी-बी.एड् तृतीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं को 4 सप्ताह व बी.एड. व डी.एल.एड. की द्वितीय वर्ष तथा बी.ए.-बी.बीएड, बी.एस.सी.-बी.एड् चतुर्थ वर्ष की छात्राध्यापिकाओं को 16 सप्ताह की इन्टर्नशिप पर जाना अनिवार्य है। बी.एड्, डीएलएड, बी.ए.-बी.बीएड, बी.एस.सी.-बी.एड् पाठ्यक्रम में इन्टरशिप कार्यक्रम के पूर्णसमाप्ति पर प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही आप अन्तिम प्रायोगिक व सैद्धान्तिक परीक्षा हेतु पात्र होंगे।

प्रयोगशाला एवं रिसोर्स सेन्टर

रसायन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला

महाविद्यालय में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिवृत्ति का विकास कर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण व अभिक्षमता विकसित करना। जिससे विज्ञान व प्रौद्योगिकी के इस युग में छात्राध्यापिकाओं द्वारा नवीन अनुसंधान नवीन खोजो, नवीन तकनीकों आदि के बारे में अधिकाधिक जानकारी प्राप्त करने की रुचि विकसित की जा सके। एक जागरुक नागरिक के रुप में ऊर्जा संरक्षण, संवर्धन, पर्यावरण जैविक खाद व राष्ट्रीय सुरक्षा सम्बन्धी तकनीको व उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

गणित एवं भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला

महाविद्यालय में छात्राध्यापिकाओं में गणितीय तार्किक एवं भौतिकीय अभिक्षमता को विकसित करना जिससे विज्ञान एवं तकनीकी के इस युग में छात्राध्यापिकाओं में बौद्धिक एवं अनुसंधानात्मक रूचि का विकास किया जा सके। विज्ञान की छात्रा के रूप में वैज्ञानिक दृष्टिकोण द्वारा समाज एवं नये भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का विकास करना।

मनोविज्ञान प्रयोगशाला

महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के परीक्षणों व उपकरणों से सुसज्जित मनोविज्ञान प्रयोगशाला है, जिसमें एन.सी.टी.ई. नार्म्स के अनुसार व्यक्तित्व मापनी से सम्बन्धि बुद्धि, समायोजन, अभिरूचि, अभिवृति एवं अभिक्षमता सम्बन्धित मापनिया प्रमुख है। इन परीक्षणो व उपकरणों का उपयोग प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अनेक नवीन अनुसंधानों में किया जाता है। मनोविज्ञान विद्यार्थियों के मानसिक स्तर को जानने, समझने, परिमार्जित करने का माध्यम है जो कि अधिगम का आधार है इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक प्रशिक्षणर्थियों को परीक्षणो के प्रशासन, अंकन व विश्लेषण हेतु अभ्यास कराया जाता है।

गृह विज्ञान प्रयोगशाला

गृह विज्ञान की छात्राध्यापिकाओं में पाककला में निपुणता विकसित करने के साथ ही उनमें स्वास्थ्य लाभ हेतु पौष्टिक आहार, की महत्ता को दृष्टिगत रखाते हुए चयन करने की क्षमता विकसित करना। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार सुस्वादिष्ट भोजन को प्रदर्शित करने की दक्षता विकसित करना।

सामाजिक अध्ययन प्रयोगशाला

महाविद्यालय में सामाजिक अध्ययन विषय की सुसज्जित प्रयोगशाला है जिसका उद्देश्य छात्राध्यापिकाओं में शैक्षिक कुशलता विकसित करने हेतु प्रभावी शिक्षण सहायक सामग्री तैयार करने की क्षमता विकसित करना है। प्रयोगशाला में छात्राध्यापिकाओं द्वारा निर्मित चार्ट, चित्र एवं मॉडल को प्रदर्शित कर नव आगन्तुक छात्राओं को समुचित शिक्षा निर्देशन दिया जाता है। ग्लोब, ग्राफ, मानचित्रों के द्वारा छात्राध्यापिकाओं को हमारे ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व भौगोलिक स्थिति की जानकारी दी जाती है। प्रयोगशाला के माध्यम से छात्राओं को समाज में होने वाले परिवर्तनों के अनुरुप व्यवस्थाओं से रूबरू किया जाता है। ताकि प्रतिस्पर्धा के इस युग में सामाजिक अध्ययन विषय के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को स्वयं समझकर समाज में अन्य वर्गो को भी उनके अनुभवों से लाभान्वित कर सकें। हमारा लक्ष्य विकसित, आत्मनिर्भर राष्ट्र को दृष्टिगत रखाते हुए राष्ट्रीय योजनाओं यथा स्टार्ट अप योजना, कैशलेस इण्डिया, डिजिटल इण्डिया योजनाओं में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराना है।

कॉमन रुम :

महाविद्यालय में छात्राध्यापिकाओं के अवकाश समय के सदुपयोग हेतु कॉमन रुम की व्यवस्था की गई है इसका उद्देश्य छात्राध्यापिकाओं के समक्ष ऐसा वातावरण प्रस्तुत करना है जिससे उनमें रचनात्मक, सृजनात्मक, सहयोगात्मक दृष्टिकोण का विकास हो एवं समूह सहकारिता भावना के साथ वह अपने अवकाश के समय का सदुपयोग कर सकें।

निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ

प्रतिस्पर्धा के इस युग में दैनिक जीवन में बढ़ती व्यस्तता के कारण दिन प्रतिदिन जीवन में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु छात्राध्यापिकाओं के लिए निर्देशन व परामर्श प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है जिसमें अनुभवी एवं प्रशिक्षित प्राध्यापकों द्वारा समस्या ग्रसित छात्राओं से उनकी व्यक्तिगत, पारिवारिक, शैक्षिक एवं व्यावसायिक समस्याओं के सन्दर्भ में वार्तालाप कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। गंभीर समस्याओं के सन्दर्भ में कुशल मनोचिकित्सकों व चिकित्सकों से परामर्श कर उन्हे तनावयुक्त जीवन से मुक्त करने का प्रयास संस्था स्तर पर किया जाता है।

कम्प्यूटर प्रयोगशाला

शैक्षिक तकनीकी एवं नवाचार के इस युग में छात्राध्यापिकाओं को सम सामायिक ज्ञान प्राप्त कराने के लिए महाविद्यालय में इन्टरनेट सुविधा युक्त कम्प्यूटर प्रयोगशाला है। जहाँ छात्रध्यापिकाओं को अभ्यास कराने के साथ-साथ उनमें अपने विषय के अनुरुप प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की रुचि एवं जिज्ञासा विकसित की जाती है।

शैक्षिक तकनीकी प्रयोगशाला / ICT रिसोर्स सेन्टर/ स्मार्ट क्लास रुम

